**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 08.08.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **श्रावण सोमवार और कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत आमजनमानस में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा भारी पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में रुट मार्च कर बामदेवेश्वर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा।**

**विवरण-** आज दिनांक 08.08.2026 को कांवड़ यात्रा एवं आगामी श्रावण सोमवार के दृष्टिगत आमजनमानस में सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने तथा जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा भारी पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान प्रमुख मार्गों, संवेदनशील स्थानों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया व ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं एवं आमजन के साथ विनम्र व्यवहार करते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरांत बामदेवेश्वर मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ के दृष्टिगत मंदिर परिसर एवं आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग एवं भीड़ नियंत्रण आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।